संक्षिप्त

सतीश शर्मा का सम्मान

निवाई। भगतसिंह कॉलोनी मे शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कांठोस के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उन सभी जिम्मेदारियों को सभी कार्यकताओं के सहयोग से सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का सच्चा सिपाही है। हर कार्यकर्ता पार्टी के हित में नि:स्वार्थ भावना के साथ कार्य करें। इस दौरान कैलाशनारायण बैरवा, महेंद्रकुमार घोमल सहित कई कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया।

लोडर व डंपर जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने बनास नदी में अवैध रूप से बजरी का खनन करते हुए एक लोडर व बजरी से भरे हुए एक डंपर को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव मंडावर तन बनास में एक बिना नंबर ही लोडर एक डंपर में बजरी भर रहा था। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई। डंपर में करीब 50 तन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया और थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया। उसके बाद चालक व मालिक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बिजली गिरने से 6 भेड़ व 3 बकरी मरी

शाहपुरा । शाहपुरा नगरपरिषद के वार्ड नंबर 4 गुरल्या की ढाणी में भेड-बकरी रेवड समेत चरवाहा पर आकाशीय बिजली गिरने से 6 भेड 3 बकरियों की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर घायल हुआ सुरज्ञान पोसवाल ढाणी जिक्सावाली देवीपुरा को शाहपुरा उपजिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया जहां से उसको जयपुर रैफर कर दिया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बाघिन एरोहेड (टी 84) के तीनों शावक अलग अलग स्थान पर शिफ्ट

सवाईमाधोपुर (निस)। रणथंभौर की मशहूर बाघिन एरोहेड (टी 84) के तीनों शावकों को वन विभाग ने अलग अलग स्थान पर शिफ्ट किया। शावकों ने कुछ समय पहले तीन लोगों को मौत के घाट उतारा गया था । मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव व क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर अनूप के.आर ने बताया कि मंगलवार को नाका शेरपुर के अधीन क्षेत्र से ऐरोहेड के मादा शावक आरबीटी-2508 को ट्रक्यूलाईज किया। रेडियो कॉलर पहनाकर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बून्दी के लिए रवाना किया । पिछले दो दिन से रणथम्भौर का स्टाफ बाघिन का निरीक्षण कर रहे थे। आज बारिश के बाद मौसम सही होने पर उप वन संरक्षक डॉ. रामानन्द भाकर के नेतृत्व में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग, वन विभाग के वरिष्ठ पशुचिकित्सक डॉ. सीपी मीना, सहायक वन संरक्षक तेजस पाटील, महेश चन्द शर्मा, निखिल शर्मा, फिल्ड बायोलोजिस्ट मोहम्मद मैराज, क्षेत्रीय वन अधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह व होमगार्ड जसकरण सिंह आदि की टीम ने उक्त ऑपरेशन को सफलता पूर्वक पूरा किया ।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति बाद ऐरोहेड के मादा शावक आरबीटी-2508 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बून्दी में शिफ्ट किया गया। आरबीटी-2508 की बहिन शावक आरबीटी-2507 को भीड एनक्लोजर में रखा गया है वहीं ऐरोहेड के नर शावक आरबीटी-2509 को कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य के एनक्लोजर में रखा गया है।

ऐरोहेड के मादा शावक आरबीटी-2508 को ट्रक्यूलाईज कर रेडियो कॉलर पहनाकर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व बून्दी के लिए रवाना किया ।

ट्रैक्टर से बालक की मौत

टोंक। एआईसीसी ह्यूमन राइट्स के प्रदेशाध्यक्ष शकीलुर्रहमान ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत कर बताया कि अवैध बजरी खनन व अवैध बजरी भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये तथा बजरी ट्रेक्टर दुर्घटना में मृतक बालक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाकर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नोकरी दी जाये।

ज्ञापन में बताया कि बरौनी थाना अंतर्गत ग्राम मंडावर में गत 15 जून को 5 वर्षीय बालक सागर पुत्र दिलखुश कीर निवासी मुख्तार नगर ढाणी जो सड़क पार कर बिस्किट लेने जा रहा था, तभी बजरी से भरे ट्रेक्टर ने बालक को टक्कर मार दी और उसे कुचलता दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेक्टर की रफ्तार इतनी तेज थी कि पास में खड़ी मोटरसाइकिल भी चपेट में आ गई और क्षतिग्रस्त हो गई। आये दिन गाँव से होकर सैकड़ों अवैध बजरी के डंपर और ट्रेक्टर गुजरते हैं जिससे गांव में निरंतर दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। पूर्व में भी अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरुद्ध ग्रामवासियों ने कई बार जिला प्रशासन को शिकायत भी की है, कितुं जिला प्रशासन की ओर से शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर बजरी माफियाओं के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

बच्चों को आज के समय में संस्कार देने की आवश्यकता है : पुष्करदास महाराज

निवाई। सिंधी कॉलोनी में स्थित झूलेलाल धर्मशाला संत पुष्करदास महाराज के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। संत पुष्करदास महाराज ने कहा कि कथा ऐसी सुनाओं जो कानों को प्रिय लगे और कथा सुनने से मन में बदलाव हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कथा के सार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फुलवानी परिवार ने कथा का आयोजन कर समाज को जोडने का प्रयास किया है। कथा सत्संग का आयोजन करवाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। करोड़ों जन्मों के पुण्य से मनुष्य को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाने व सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को आज के समय में संस्कार देने की आवश्यकता है। बच्चों पर माता पिता का नियंत्रण होना व बेटियों को सही शिक्षा देने की जरूरत है। हेमंतदास फुलवानी ने बताया कि सिंधी धर्मशाला में प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मण दासवानी, घनश्याम, ताराचंद, बलराम, वासुदेव, लीलाराम एवं श्याम परिवार के अध्यक्ष रवि अठावाल, करतारसिंह, अक्षत, दिव्यांशु, गोकुल, मुरारी, नरेश, सोनू, लक्ष्य, प्रीतम, रवि सेन व बलराम सोनी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

अस्पताल में लम्बी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा

कोटपूतली। राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन (आरडीएचएम) के अन्तर्गत स्थानीय राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय में एबीडीएम कम्पलायंट ऐप आभा के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम की शुरुआत की गई है। पहले मरीजों को अस्पताल में लम्बी कतारों में लगकर ओपीडी पर्ची बनवानी पड़ती थी।

अतिक्रमण हटाने का विरोध

भरतपुर (निस)। मास्टर प्लान के तहत महारानी श्री जया महाविद्यालय के सामने से लेकर मडरपुर रोड तक रोड को चौडा किया जा रहा है, जिसके चलते बीडीए द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई हालांकि अतिक्रमण हटाने से पहले मकान मालिकों को नोटिस दिया गया था कुछ लोगों ने अतिक्रमण को खुद ही हटा लिया जिन लोगों ने नहीं हटाया था बीडीए द्वारा उस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान बीडीए प्रशासन को छोटा-मोटा विरोध भी झेलना पड़ा कुछ लोग जेसीबी के सामने खडे हो गए लेकिन वहां मौजूद पुलिस बल ने उन्हें समझाइश कर वहां से हटा दिया।

कार्यकारिणी का विस्तार

निवाई। भारतीय जनता पार्टी नटवाड़ा मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय नटवाडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चैहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा की सहमति से कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर आशाराम डोई व नारायण यादव, उपाध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी, डीआर ममता चौधरी, पूर्व प्रधान ममता जाट, रमेश गुर्जर, हरिशंकर चौधरी व रामसहाय मीणा, मंत्री के पद पर रामदयाल गुर्जर, नन्दसिंह राजावत, जगराम मीणा, मुकेश रैगर, मुकेश प्रजापत व लवराज सिंह, कोषाध्यक्ष के पद पर रामदेव प्रजापत, आई-टी-सेल प्रभारी चिन्टू लक्षकार, मीडिया प्रभारी हेमराज मीणा, प्रवक्ता धर्मचन्द चैधरी, कार्यालय मंत्री मुकेश कीर व सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर राजू जायसवाल को नियुक्त किया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

अलवर । अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर की अध्यक्षता में आज 21 जून को जिले में मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 5 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें मुख्य कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ' थीम पर प्रात: 7 से प्रात: 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रात: 6:30 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग, बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं सरिस्का क्षेत्र में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समुचित तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्व में ही सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि योग दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए विभागीय योग प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के योग प्रशिक्षकों का चयन करें एवं उनकी सूची उपलब्ध कराए।

उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार फ्लैक्स व बैनर के जरिए कराकर आईईसी गतिविधियां आयोजित करावे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की कार्यक्रम में भागेदारी हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करे। साथ ही इसी प्रकार की व्यवस्थाएं भी ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित की जाए।

महिला ने प्लेटफार्म पर बच्चे को दिया जन्म

भरतपुर (निस)। भरतपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने देर रात प्लेटफार्म पर एक महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। महिला अपने पीहर प्रयागराज से ससुराल भरतपुर आई थी। जिसे सुबह ट्रेन पकड़कर अपने गांव जाना था.लेकिन उससे पहले ट्रैन से उतरते समय अचानक महिला के पेट में दर्द हुआ और वह प्लेटफार्म पर ही लेट गई। जैसे ही आरपीएफ के जवानों को घटना का पता तो, उन्होंने चादर से पर्दे बनाकर महिला यात्रियों की मदद लेकर डिलीवरी करवाई।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

क्रमांक-5001-12 दिनांक-17:06.2025

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली सवाई माधोपुर के प्रकरण संख्या 83/2023, 88/2023 व 90/2023 धारा 379 आईपीसी में जप्तशुदा मालों को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर के आदेशों की पालना में जिस स्थिति में है दिनांक 27.06.2025 को समय 12.00 बजे गठित समिति द्वारा थाना मानटाउन के परिसर में नीलाम किया जावेगा। अतः इच्छुक खरीदार / बोलीदाता को जरिये विज्ञिप्त सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक,
जिला सवाई माधोपुर

विवाधको के स्थरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 नियम 1और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट, रामपुरा डाबडी, जिला जयपुर
सरोज देवी बनाम कानाराम वगै.
(वाद बाबत तकासमा व स्थायी निषेधाज्ञा)
वाद संख्या 621/2024

बनाम प्रतिवादी संख्या 1/1 लाडा देवी पत्नी स्व. श्री कानाराम, जाति कुम्हार, निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 4 बबा पुत्र दत्तक पुत्र घीसा जाति कुम्हार, निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 8 मिश्री पुत्री स्व0 कानाराम पत्नी बंशीधर जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी कुम्हारो का मोहल्ला सवरामपुरा खोरा तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 9 मेवा पुत्री स्व0 श्री कानाराम पत्नी श्री मुकेश प्रजापत जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी कुम्हारो का मोहल्ला सवरामपुरा खोरा तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 11 भगवान सहाय पुत्र स्व0 श्री मंगला पौत्र स्व0 श्री हरबक्स जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 12 श्योला पुत्र स्व0 श्री मंगला पौत्र स्व0 श्री हरबक्स जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 22 संती पुत्री स्व0 श्री मेवा पौत्री स्व0 श्री हरबक्स पत्नी श्री गोपाल जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू जिला जयपुर हाल निवासी राधाकिशनपुरा तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 23 प्रभात पुत्र स्व0 श्री चुना पौत्र स्व0 श्री हरबक्स जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 24 कल्याण पुत्र स्व0 श्री चुना पौत्र स्व0 श्री हरबक्स जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 35 भगवती पुत्री स्व0 श्री मोती पौत्री स्व0 श्री हरबक्स पत्नी श्री कानाराम प्रजापत, जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी कुम्हारो का मोहल्ला, सामोद, तहसील चौमूँ, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 36 विमला पुत्री स्व0 श्री मोती पौत्री स्व0 श्री हरबक्स पत्नी श्री रमेश प्रजापत, जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी कुम्हारो का मोहल्ला पुन्याना, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 42 सोहनलाल पुत्र गगा सहाय जाति जाट निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 43 छीतर पुत्र चौथमल जाति कुम्हार निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 47 सुरज्ञान पुत्र स्व0 श्री छीगनलाल, जाति कुम्हार, निवासी ग्राम गुढासुरजन, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी मैन बस स्टेण्ड राजावास सीकर रोड़ जयपुर, प्रतिवादी संख्या 48 ब्रम्हा पुत्र स्व0 श्री छीगनलाल, जाति कुम्हार, निवासी ग्राम गुढासुरजन, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी मैन बस स्टेण्ड राजावास सीकर रोड़ जयपुर, प्रतिवादी संख्या 49 मंशी पुत्री स्व0 श्री छीगनलाल पत्नी श्री रतनलाल प्रजापत जाति कुम्हार, निवासी ग्राम गुढासुरजन, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी दौलतपुरा कुम्हारो का मोहल्ला, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 50 सपू पुत्री स्व0 श्री छीगनलाल पत्नी श्री राजू प्रजापत जाति कुम्हार, निवासी ग्राम गुढासुरजन, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी दौलतपुरा कुम्हारो का मोहल्ला, तहसील जालसू, जिला जयपुर, प्रतिवादी संख्या 51 प्यारी पुत्री स्व0 श्री छीगनलाल पत्नी श्री गोपाल प्रजापत जाति कुम्हार, निवासी ग्राम गुढासुरजन, तहसील जालसू, जिला जयपुर हाल निवासी कुम्हारो का मोहल्ला, भांकरोटा जयपुर, प्रतिवादी संख्या 53 रामनारायण पुत्र सरजू जाति कुम्हार, निवासी ग्राम दौलाकावास, पोस्ट अनोपपुरा, तहसील जालसू, जिला जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद बाबत संविदा की विशिष्ट अनुपालना व स्थायी निषेधाज्ञा का किया गया है, आपको इस न्यायालय मे दिनांक दिन मे 10 ए.एम. को बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय मे स्वंय या किसी ऐसी एडिटर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे मे या शक्ति मे है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद ज्ञावद्ध की जाने वाली सूची मे प्रविष्ट करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा।
यह वाद ता. 09 माह 07 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट, रामपुरा डाबडी, जिला जयपुर

कार्यालय विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी ईजीएस पंचायत समिति सपोटरा जिला करौली

क्रमांक: पंसस/लेखा/बोली/2025-26/ दिनांक: 16.06.2025

खुली प्रतियोगी बोली सूचना संख्या 01/2025-26

इस कार्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु क्रम संख्या 1 एवं 2 पर अंकित कार्य के लिए इच्छुक सेवा प्रदाता ऐजेन्सीयो से क्रम संख्या तथा संख्या 3 व 4 पर अंकित कार्यों के लिए पंजीकृत बोलीदाताओ से क्र.सं. 5 से 7 पर अंकित कार्यों के लिए इच्छुक व्यक्तियों से सीलबन्द बोली निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है एवं क्रम संख्या 8 पर अंकित ठेका खुली बोली द्वारा नीलाम किया जावेगा जिसमे इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि (रू. लाखों में)	बोली अमानत राशि (रूपयों में)	बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपयो में)	बोली प्रपत्र विक्रय की अन्तिम दिनांक व समय	बोली प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय	तकनीकी बोली खोलने की दिनांक व समय	वित्तीय बोली खोलने दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन की सेवाऐं जॉब बेसिस के आधार पर आपूर्ति कार्य	7.00	14000	400	16.06. 2025 से	23.06. 2025 समय	25.06. 2025 समय	- - -
2	प्रशिक्षण एवं मीटिंग हेतु चाय एवं भोजन व्यवस्था	5.00	10000	400	23.06. 2025	11.00 A.M	P.M पर	- 25.06 2025 समय 3.00 P.M पर
3	स्टेशनरी एवं लेखन सामग्री की आपूर्ति	5.00	10000	400	समय 5.00 P.M तक	तक		
4	पंचायत समिति सपोटरा की मरम्मत ग्राम पंचायतों में मृतक पशुओ का हड्डी ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26	0.50	5000	200	-	-	-	
5	बोलेरो मॉडल 2022 मय वाहन चालक	5.00	10000	400	-	-	-	-
	उक्त ठेका दिनांक 25.06.2025 को 3.00P.M से खुली बोली द्वारा नीलाम किया जावेगा। पंचायत समिति मुख्यालय पर किया जावेगा।							

बोली की अन्य शर्ते/दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय पर इस कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
UBN

विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति सपोटरा

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम कोमल कुमावत से बदलकर रिंकू देवी पत्नी श्री मोहन लाल कुमावत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी लक्ष्मीनारायणपुरा, तहसील आमेर, जिला जयपुर

खोया पाया
मेरा मकान सं.85/44, प्रताप नगर, सांगानेर का मूल आवंटन पत्र (526/ 30.5.1996) कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें- Sapna Nandwana-8562885637

मेरे भूखण्ड सं-184 निजी खातेदारी की योजना सीताराम विहार विस्तार बी ब्लाक का जे.डी.ए. से जारी उप विभाजन का लैटर और साईट प्लान कही गुम हो गया है सूचित करे अभिषेक गुप्ता मो. 7820834839

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक -4496 दिनांक - 17/6/25

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना मे आवास/फ्लैट संख्या 32/64 (MIG-B) का आवंटन श्रीमती कुसुम जैन पुत्र श्री वीरेन्द्र झांगी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3824 दिनांक 02.11.1992 को जारी किया गया था। इनके पक्ष मे पंजीयन पत्रो निष्पादन दिनांक 06.12.2007 को कर दिया गया। श्रीमती कुसुम जैन द्वारा उक्त आवास को श्रीमती सविता सिन्हा पत्नी स्व. श्री कृष्ण चन्द्र सिन्हा को विक्रय कर इनके पक्ष मे विक्रय पत्र दिनांक 24.01.2008 को उप पंजीयक (चतुर्थ) जयपुर मे पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सविता सिन्हा की मृत्यु दिनांक 16.06.2014 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती निधि सिन्हा पत्नी श्री मनीष भटनागर द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती निधि सिन्हा पत्नी श्री मनीष भटनागर का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांकःपट्टा शा०/न.नि.भ./2025-26/4771 सार्वजनिक सूचना दिनांकः16.06.2025

नगर निगम द्वारा अंजूरानी पत्नि धर्मेन्द्र सिंह निवासी जैन मंदिर के पास मौहल्ला गोपालगढ, भरतपुर को धारा 69ए का पट्टा क्षेत्रफल 141.96 वर्गगज का जारी किया गया था। तदोपरान्त अन्जू रानी द्वारा जरिये वयनामा दिनांक 22.05.2025 से श्रीमती अंजू पुत्री तेजसिंह निवासी मौ० गोपालगढ, भरतपुर को उक्त भूखाण्ड में से 54.99 वर्गगज भूखाण्ड को विक्रय कर दिया गया है। अब श्रीमती अंजूरानी पत्नि श्री धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती अंजू पुत्री तेजसिंह, निवासी मौ० गोपालगढ, भरतपुर अपने-अपने हिस्से का सब-डिवीजन कराना चाहते हैं। जिसमें श्रीमती अंजूरानी क्षेत्रफल 70.4 वर्गगज व श्रीमती अंजू पुत्री तेजसिंह क्षेत्रफल 54.99 वर्गगज भूखाण्ड का उप-विभाजन व नाम हस्तान्तरण कराने हेतु सहमति पत्र, शपथ पत्र, साइट प्लान, वयनामा की प्रति प्रस्तुत की है। इस कार्यालय द्वारा उप-विभाजन व नामान्तरण की कार्यवाही की जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक के पक्ष में उप-विभाजन कर नाम हस्तान्तरण आवेदकान के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांकःन.नि.भ./स्कीम/2025-26/4509 सार्वजनिक सूचना दिनांकः11.06.2025

न्यू पुष्प वाटिका फेज-1 योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 410-A क्षेत्रफल 118.63 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण (फ्री होल्ड)पट्टा विलेख क्रमांक 2139 दिनांक 19.01.2023 नगर निगम भरतपुर द्वारा श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री भगवान दास जाति वैश्य निवासी - खैरापति मौहल्ला, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री भगवान दास ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत मुख्त्यारआम दिनांक 19.11.2010 के द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवान दास के नाम कर दिया। श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवान दास वाहैसियत मुख्त्यारआम श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री भगवान दास ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 24.01.2024 के द्वारा श्रीमती निकिता सिंघल पत्नी श्री दीपक सिंघल को विक्रय कर दिया। श्रीमती निकिता सिंघल पत्नी श्री दीपक सिंघल ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 05.06.2025 के द्वारा श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री कपिल बंसल को विक्रय कर दिया। आवेदिका श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री कपिल बंसल जाति वैश्य निवासी-138 सूचना केन्द्र के पास, राजेन्द्र नगर, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहतीहैं।

भूखण्ड संख्या 410-A, न्यू पुष्प वाटिका फेज-1 भरतपुर का नाम परिर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 410-A, न्यू पुष्प वाटिका फेज-1, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ / 2025 / 99 दिनांक: 16.06.2025

-: : ई-निविदा सूचना संख्या 32 /2025-26 : :-

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2526GLOB00861 पर देखा जा सकता हैं।

इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद / सी / 25 / 4446

राजस्थान सरकार
राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर
कर भवन, टोडरमल मार्ग, अजमेर
नोटिस तारीख पेशी
क्रमांक-निगरानी/स्टाम्प/1359/13/जयपुर दिनांक-14.05.2025

SIR जयपुर बनाम श्री गोपाल लाल छीपा

वास्ते (1) श्री गोपाल लाल छीपा पुत्र स्व.श्री स्वरूप